Rapid Fire करेंट अफेयर्स (03 September)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-september-03

- 1-2 सितंबर को मालदीव की राजधानी माले में दक्षिण एशिया की संसदों के अध्यक्षों का चौथा शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ। **सतत विकास लक्ष्यों** (SDG) **की प्राप्ति** विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, लोकसभा की महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव और राज्यसभा के महासचिव देश दीपक वर्मा ने हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में भारत के अलावा अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष/पीठासीन अधिकारी शामिल हुए। इस सम्मेलन में शिष्टमंडलों ने अन्य मुद्दों के अलावा सतत विकास लक्ष्यों संबंधी कार्य को आगे बढ़ाने के लिये उनकी संसदों द्वारा किए गए कार्यों और वर्ष 2018 में दक्षिण एशियाई देशों की संसदीय सदनों के अध्यक्षों द्वारा स्वीकृत की गई कोलंबो घोषणा पर चर्चा की। शिखर सम्मेलन के समापन पर एक संयुक्त घोषणापत्र भी जारी किया गया। विदित हो कि इस मंच की संकल्पना ढाका (बंगलादेश) में वर्ष 2016 में हुए पहले दक्षिण एशियाई देशों के अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में की गई थी। दूसरा और तीसरा शिखर सम्मेलन क्रमशः वर्ष 2017 भारत में इंदौर और वर्ष 2018 में श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में हुआ था।
- स्वच्छ भारत अभियान के लिये **बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुरस्कृत करने का फैसला किया है। इस महीने जब प्रधानमंत्री अमेरिका दौरे पर जाएंगे तब उन्हें यह पुरस्कार दिया जाएगा। गौरतलब है कि मालूम हो कि नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर, 2014 को **स्वच्छ भारत अभियान** की शुरुआत की थी। इस अभियान का उद्देश्य अक्टूबर 2019 तक स्वच्छ भारत के लक्ष्य को हासिल करना है। विकासशील देशों में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन का मुख्य लक्ष्य लोगों के **स्वास्थ्य और जीवन** को बेहतर करना और **लोगों को भूख और अत्यधिक गरीबी** से खुद को बाहर निकालने में मदद करना है। फाउंडेशन अपने साझेदारों के साथ मिल कर **प्रभावी टीके, दवा और जाँच** उपलब्ध करवाने के साथ ही उन लोगों तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने के नए तरीके विकसित करने का काम करता है जिन्हें इनकी सर्वाधिक आवश्यकता है। इसके अलावा **अपरिहार्य वैश्विक मुद्दों** पर व्यापक जन जागरुकता के लिये फाउंडेशन सरकारों और सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी करता है।
- **केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड** यानी सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (Central Board of Film Certification-CBFC) को **नया Logo** मिल गया है। सेंसर बोर्ड अब नए Logo के साथ नए तरीके का फिल्म सर्टिफिकेट जारी करेगा। बता दें कि नए Logo के डिज़ाइन को **नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपोसिट्री लिमिटेड** की टेक्निकल सपोर्ट टीम के साथ मिलकर डिज़ाइनर **रोहित देवगन** ने तैयार किया है। पहले जो सर्टिफिकेट जारी किया जाता था, उसमें कई जानकारियाँ दी जाती थीं और वह पूरी तरह भरा हुआ दिखाई देता था। नए सर्टिफिकेट में कुछ बदलाव किये गए हैं और जानकारी भी पहले के मुकाबल कम है। इसमें फिल्म का नाम, तारीख, अवधि, फिल्म किस प्रकार की है, पैनल सदस्यों के नाम और निर्माता का नाम लिखा जाएगा। इसमें एक QR कोड भी है, जिससे कई तरह की जानकारियाँ हासिल की जा सकती हैं। गौरतलब है कि किसी भी फिल्म को रिलीज़ करने से पहले सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट लेना आवश्यक होता है। सेंसर बोर्ड फिल्म देखकर आपत्तिजनक सीन को हटा भी सकता है और उसके अलावा उसकी कैटेगरी तय करता है। सेंसर बोर्ड की ओर से UA, A आदि सर्टिफिकेट दिए जाते हैं। केंद्रीय फिल्म

प्रमाणन बोर्ड की स्थापना **सिनेमैटोग्राफ एक्ट, 1952** के तहत की गई तथा वर्तमान में **प्रसून जोशी** इसके चेयरपर्सन हैं।

- आर्थिक संकट का सामना कर रहे अनिल अंबानी की कंपनी **रिलायंस पावर** को **बांग्लादेश** में एक बड़ा बिजली प्रोजेक्ट मिला है। बांग्लादेश ने रिलायंस पावर से अगले **22 साल तक 718 मेगावॉट बिजली** खरीदने का फैसला किया है। इसके लिये कंपनी एक बिलियन डॉलर का निवेश करके बांग्लादेश में ही एक पावर प्लांट लगाने की योजना बना रही है। यह प्लांट **मेघनाघाट के नारायणगंज** में लगाया जाएगा। यह जगह राजधानी ढाका से दक्षिण-पूर्व में 20 किमी. की दूरी पर है। यह एक **कंबाइंड साइकिल पावर प्लांट** होगा, जिसका स्वामित्व रिलायंस के पास ही होगा। गौरतलब है कि बांग्लादेश ने पिछले ही सप्ताह चीन के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत **नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं** पर काम किया जाएगा। 400 मिलियन डॉलर के निवेश से तैयार होने वाली इन परियोजनाओं के ज़रिये वर्ष 2023 तक 500 मेगावॉट बिजली तैयार की जाएगी।
- भारत ने नेपाल को 7-0 से हराकर **सैफ अंडर-15 फुटबॉल चैंपियनशिप** खिताब पर अपना कब्ज़ा बरकरार रखा। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट के कुल पाँच मैचों में 28 गोल किये। इस जीत के साथ भारत टूर्नामेंट के इतिहास में अब सबसे सफल टीम बन गई है, क्योंकि यह खिताब उसने रिकॉर्ड तीसरी बार अपने नाम किया। इससे पहले 2013 और 2017 में भारतीय टीम ने यह खिताब जीता था। भारत ने पिछले दो खिताब नेपाल में जीते थे। विदित हि कि इसी वर्ष भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने लगातार पाँचवीं बार सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीतकर रिकॉर्ड कायम किया था।